अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा (म०प्र०)

क्रमांक / विकास / 2008 / 840 रीवा, दिनांक : 4/11/08

अधिसूचना

विद्या परिषद की स्थाई समिति की बैठक दिनांक 16-10-2008 के आइटम क्रमांक 02 की संस्तुति तथा कार्य परिषद की बैठक दिनांक 21-10-2008 के आइटम क्रमांक 08 (पूरक कार्यवृत्त) के निर्णयानुसार परिनियम 27 के अनुसार सरदार बल्लभ भाई पटेल शिक्षा महाविद्यालय, रतहरी (समान), रीवा को बी.एड. पाठ्यक्रम हेतु सत्र 2008-2009 के लिए प्रावधिक सम्बद्धता सशर्त प्रदान की जाती है।

शर्तें :-

1. राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद, नई दिल्ली द्वारा निर्धारित मानक के अन्तर्गत 01 प्राचार्य एवं 07 शिक्षकों की नियुक्ति कालेज कोड 28 के अन्तर्गत की जाये। साथ ही तकनीकी सहयोगी स्टाफ तथा प्रशासनिक स्टाफ की नियुक्ति की जाय।
2. बी.एड. संस्थान के पास कम से कम 2500 वर्गमीटर भूमि होनी चाहिए। साथ ही 1500 वर्गमीटर में क्लास रूमों का निर्माण कार्य पूर्ण किया जाय।
3. छात्रों की संख्या के अनुसार कक्षा संख्या एवं बहुउद्देशीय हाल, प्रयोगशाला, प्राचार्य कक्ष, कार्यालय, पुस्तकालय वाचनालय आदि की पर्याप्त व्यवस्था की जाय।
4. महाविद्यालय के पास खेल का मैदान, फर्नीचर, छात्रावास तथा कुछ आवासीय क्वार्टर की व्यवस्था की जाय।
5. सीखने की समुचित व्यवस्था के लिए हार्डवेयर, साफ्टवेयर, कम्प्यूटर, टी.वी., कैमरा आदि की व्यवस्था की जाय।
6. प्रशिक्षणार्थियों के लिए अलग-अलग कामनरूम, पुरुष महिला शौचालय, वाहन पार्किंग, शुद्ध पेयजल व्यवस्था की जाय।

उक्त शर्तें पूर्ण कर प्रतिवेदन 15 जनवरी 2009 तक विश्वविद्यालय को भेजें, अन्यथा सम्बद्धता का नवीनीकरण आगामी सत्र 2009-10 के लिए संभव नहीं होगा।

कुलसचिव

प्रतिलिपि सूचनार्थ -

1. अध्यक्ष / प्राचार्य, सरदार बल्लभ भाई पटेल शिक्षा महाविद्यालय, रतहरी (समान), रीवा
2. आयुक्त, उच्च शिक्षा, म.प्र. शासन, सतपुड़ा भवन, भोपाल
3. अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा, रीवा संभाग, रीवा
4. अधिष्ठाता, महाविद्यालयीन विकास परिषद
5. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण विभाग
6. उप कुलसचिव - परीक्षा, गोपनीय, प्रशासन, अकादमिक
7. वित्ताधिकारी
8. कुलपति जी के सचिव / कुलसचिव के निज सहायक।

उप कुलसचिव (विकास)

कार्यालय आयुक्त,उच्च शिक्षा,मध्यप्रदेश
सतपुडा भवन,भोपाल–462004

क्रमांक 266 /आउशि/संबद्ध/07
प्रति,

भोपाल,दिनांक– 9/5/08

अध्यक्ष,/सचिव,
कश्यप स्मृति शिवाजी शिक्षा समिति
ग्राम रतहरी पोस्ट रतहरा जिला रीवा मध्यप्रदेश ।

विषयः–मध्यप्रदेश विश्वविद्यालय अधिनियम,1973 की धारा 24(xii) एवं 26(एक)(v) एवं धारा 35(j) के अंतर्गत सत्र 2008–09 से बी.एड. पाठ्यक्रम के लिये अनुशंसा प्रमाण–पत्र
संदर्भः–संस्था का आवेदन पत्र दिनांक 1.4.08 एवं 15.5.08

उपरोक्त विषयांतर्गत संस्था का नाम कश्यप स्मृति शिवाजी शिक्षा समिति रतहरी जिला रीवा द्वारा संचालित नवीन अशासकीय सरदार वल्लभ भाई पटेल शिक्षा महाविद्यालय(रतहरी) समान जिला रीवा को सत्र 2008–09 से निम्नानुसार कक्षाऐं/पाठ्यक्रम हेतु अनुमति/अनुशंसा प्रमाण पत्र जारी किया जाता है :–

विषय/पाठ्यक्रम	सीट संख्या
बी0 एड0 (नवीन)	100

2/ उक्त प्रदत्त अनुशंसा प्रमाण पत्र के आधार पर विश्वविद्यालय को आवेदन करें एवं विश्वविद्यालय से संबंद्धता प्रमाण पत्र प्राप्त कर 01 जुलाई, 2008 तक कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा में प्रस्तुत करें । अन्यथा अनुशंसा प्रमाण पत्र स्वतः अमान्य माना जाएगा एवं इसके लिए पृथक से कोई नोटिस नहीं दिया जाएगा ।

(आयुक्त,उच्च शिक्षा द्वारा अनुमोदित)

(डॉ0 मंजुला शर्मा)
अतिरिक्त संचालक
उच्च शिक्षा,मध्यप्रदेश

क्रमांक /आउशि/संबद्ध/07 भोपाल,दिनांक–
प्रतिलिपिः–सूचनार्थ व योग्य आवश्यक कार्यवाही हेतु–

1. प्रमुख सचिव/सचिव, मध्यप्रदेश शासन,उच्च शिक्षा विभाग,भोपाल
2. कुल सचिव, अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा।
3. क्षेत्रीय संचालक, राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद, मानस भवन, श्यामला हिल्स भोपाल ।
4. क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा ,रीवा संभाग, रीवा
5. प्राचार्य, शासकीय अग्रणी आदर्श विज्ञान महाविद्यालय रीवा ।

सहायक संचालक
उच्च शिक्षा,मध्यप्रदेश